तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 4 नवंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

**बड़मार के प्लांटेशन एरिया में घुसा हाथियों का झुण्ड, गेट तोड़कर पौधों को किया चौपट**



## खबर संक्षेप

### प्राइम मिनिस्टिर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला 10 को

**कोरबा।** अप्रेंटिसशिप योजनान्तर्गत प्राइम मिनिस्टिर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएम) का आयोजन 10 नवंबर को आईटीआई कोरबा में किया जा रहा है। आईटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राइम मिनिस्टिर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योगों प्रतिष्ठानों एवं आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षाणार्थियों का नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम में पंजीयन एवं नियोजन किया जायेगा। अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योग प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि एवं आईटीआई उत्तीण प्रशिक्षणार्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में 10 नवंबर की सुबह 9 बजे उपस्थित होकर पंजीयन एवं नियोजन की कार्यवाही कर सकते हैं।

### राम नाम लेखन महायज्ञ के लिए पोड़ी में हुई बैठक

**कोरबा।** विकासखण्ड पोड़ी उपरोड़ा में राम नाम लेखन महायज्ञ समिति की खंड स्तरीय प्रथम बैठक भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुई। इस आयोजन में कुल 78 रामभक्तों की उपस्थिति रही। बैठक की भूमिका एवं विषय पर प्रकाश डॉ. राजीव गुप्ता. राम सिंह अग्रवाल, संदीप जायसवाल तथा बीरेंद्र मरकाम ने डाला। बैठक में अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन में अपनी भूमिका निभाने वाले विकासखंड के दो कार सेवकों का सम्मान किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष राम सिंह द्वारा विकासखण्ड अध्यक्ष किताब सिंह टेकाम एवं संयोजक प्रहलाद बिंझवार के नाम की घोषणा की गई। वक्ताओं ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि, राम नाम लेखन महायज्ञ की आध्यात्मिक एवं सामाजिक महत्ता और संगठनात्मक भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. राजीव गुप्ता ने महायज्ञ की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए जानकारी दी कि 18 दिसंबर गुरु घासीदास जयंती से राम नाम लेखन का शुभारंभ होगा। 1 से 17 दिसंबर तक घर-घर जाकर रामभक्तों को पुस्तिकाएं वितरित की जाएंगी, 18 से 24 दिसंबर तक लेखन, प्रभात फेरी एवं संकीर्तन कार्यक्रम होंगे। कई प्रक्रियाओं के बाद पुस्तिकाएं कोरबा आएंगी और एक बड़ी रैली के साथ इन्हें अयोध्या के श्रीराम मंदिर भेजी जाएंगी।

### फसल कटाई को लेकर दो पक्षों में विवाद, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम गुरमा निवासी महेंद्र फसल काटने खेत गया था। खेत में लगे धान की फसल को काटने को लेकर उसका गुरमा के ही पुनीराम मंझवार से खेत का विवाद हो गया। महेंद्र दास ने उसकी फसल काटने और विवाद के दौरान हसिया से हमला करने का आरोप लगाया। इस पर पुलिस ने आरोपी पुनीराम मंझवार और उसकी पत्नी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। वही इस मामले में पुनी राम ने भी धान की फसल को काटने को लेकर बेवजह विवाद करने और धमकाने का आरोप लगाया है। उसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने महेंद्र दास और उसके बेटे अविनाश के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध की कार्रवाई की है।

### रासेयो ने वृद्धाश्रम में किया श्रमदान

**कोरबा।** राष्ट्रीय सेवा योजना उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन तथा यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में स्वच्छ संकल्प अभियान के अंतर्गत 15 अक्टूबर से स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में राज्य की स्थापना के रजत महोत्सव पर्व पर रासेयो जिला संगठक वायके तिवारी के नेतृत्व में शहर की पांच एनएसएस इकाइयों श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय, कमला नेहरू महाविद्यालय, मिनिमाता कॉलेज, साडा कन्या स्कूल तथा पी डब्लू डी रामपुर इकाइयों के 80 स्वयंसेवकों व कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा प्रशांति वृद्धाश्रम व स्नेह सदन वृद्धाश्रम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने वृद्धजनों के आवास गृहों, कार्यालय, परिसर व रास्ते के दोनों ओर स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

# 32 पद के विरुद्ध 284 को बुलाया गया साक्षात्कार में, पहुंचे 17 अभ्यर्थी

## स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल में चल रही भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल में चल रही शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया के दौरान प्राइमरी स्कूल में सहायक शिक्षकों के रिक्त 32 पद के लिए 284 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था लेकिन मात्र 17 अभ्यर्थी ही साक्षात्कार के लिए पहुंचे। शेष अभ्यर्थी के नहीं पहुंचने पर पद खाली रहें।

दो वर्ष पूर्व भर्ती के लिए अभ्यर्थियों से आवेदन शिक्षा विभाग के द्वारा मंगाए गए थे। इस दौरान विभाग को 35 सौ से अधिक आवेदन मिले थे किंतु बार बार तकनीकी कारणों से भर्ती प्रक्रिया रुकने के कारण आवेदन देने वाले अभ्यर्थियों में अधिकांश ने कहीं और का रास्ता पकड़ लिया और दो वर्ष बाद पुराने आवेदनों से भर्ती प्रक्रिया शुरु की गई तो चौकाने वाले मामले सामने आये। सबसे विषम स्थिति स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल के प्राइमरी स्कूल के लिए देखने को मिली। जहां 32 अभ्यर्थियों को चयनित करना था जिसके विरुद्ध साक्षात्कार के लिए 3 सौ अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा गया और ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- दो वर्ष पूर्व विभाग के द्वारा लिए गए आवेदनों से ही बुलाए गए अभ्यर्थी




**शुरु करेंगे भर्ती प्रक्रिया**

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल में रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार लिया गया था जिसमें 24 पद रिक्त है, उनमें भर्ती, प्रतिक्षा सूची से की जाएगी। राज्योत्सव के बाद भर्ती प्रक्रिया शुरु करेंगे।

टीपी उपाध्याय,
डीईओ

**प्रतीक्षा सूची से भरे जाएंगे पद**

साक्षात्कार के बाद जिन 24 अभ्यर्थियों ने अपने पदों में ज्वाईनिंग नहीं दी है उनको प्रतिक्षा सूची से भरा जाएगा। जिसके लिए शिक्षा विभाग के द्वारा राज्योत्सव समाप्त होने के बाद इसकी प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी। विभाग के अनुसार आवेदन हिन्दी और अंग्रेजी विषय के लिए मंगाए गए थे किंतु इन दोनों पदों को लेकर कुछ अभ्यर्थियों ने न्यायालय में मामला दायर किया था जिसके कारण इन पदों पर भर्ती नहीं हो सकी है।

## चार सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध चल रहा है आंदोलन

# समितियों में अनिश्चितकालीन हड़ताल का नोटिस चस्पा कर चले गए कर्मचारी, कामकाज ठप




भैसमा समिति में हड़ताल की लगी नोटिस।



संभागीय मुख्यालय में शामिल हुए कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चार सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे सहकारी समिति के कर्मचारी सोमवार को समितियों में तालाबंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल का नोटिस चस्पा कर चले गए जिससे समितियों में खरीदी की तैयारियों को लेकर चल रहा कामकाज ठप्प हो गया। कर्मचारी संभागीय मुख्यालय के धरने में शामिल हुए।

एक तरफ शासन प्रशासन धान खरीदी के लिए एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन के दौरान आ रही है तकनीकी समस्याओं से उबर नहीं पा रहा है वहीं दूसरी ओर समिति कर्मचारियों के सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से एक और समस्या शासन प्रशासन के सामने खड़ी हो गई है। धान खरीदी को लेकर चल रही तैयारियां पर एकाएक ब्रेक लग गया है। इस बार धान खरीदी में किसी भी सूरत में गड़बड़ी रोकने के लिए राज्य शासन से मिले दिशा निर्देशों के तहत सहकारी समितियों के सभी डाटा एंट्री ऑपरेटरों को बदलने के दूसरे दिन फड़ प्रभारियों को बदल दिया गया था। खरीदी के पूर्व इस तरह की कार्यवाही को खरीदी के कार्यों में कसावट लाने के नजरिये से देखा जा रहा है। इधर छग सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ अपने चरणबद्ध आंदोलन के तहत सोमवार को जिले के 60 सहकारी समिति और 5 उपार्जन केंद्र के सभी कर्मचारी जिनमें फड़ प्रभारी, समिति प्रबंधक, डाटा एंट्री आपरेटर, चौकीदार, हमाल सहित लगभग दो सौ कर्मचारी शामिल हैं। सभी समितियों में तालाबंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल का नोटिस चस्पा कर कर्मचारियों ने धान खरीदी के लिए चल रही तैयारियों को ठप्प कर दिया है।

**खास बात**

- संभागीय मुख्यालय के धरने में शामिल हुए जिले के सहकारी समिति के कर्मचारी

**ये है मांग**

0 सहकारी समितियों में आउटसोर्सिंग से डाटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती बंद कर पूर्व में कार्यरत ऑपरेटरों का नियमितिकरण किया जाए।
0 प्रदेश के सहकारी समिति के कर्मचारियों को वेतनमान देने हेतु प्रत्येक वर्ष प्रत्येक समिति को 3-3 लाख रुपए का प्रबंधकीय अनुदान दिया जाए।
0 धान खरीदी वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में सूखद मान्य कर उसकी राशि समितियों को दी जाए। प्रदेश सरकार की भांति पीडीएस दुकान दारों को प्रति माह 3 हजार रुपए दिया जाए।
0 पांडे कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार संस्था के दैनिक कर्मचारियों को समिति की सीधी भर्ती में प्राथमिकता एवं बोनस अंक अनिवार्य किया जाएगा।

# भूविस्थापितों ने काम देने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन



प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल प्रबंधन द्वारा भूविस्थापित की जमीन अधिग्रहण कर तो लिया गया है लेकिन उन्हें आउटसोर्सिंग कंपनियों में काम नहीं दिया जा रहा है। इन्हीं मांगों को लेकर कुसमुंडा क्षेत्र के भूस्थापितों ने सोमवार को कुसमुण्डा कार्यालय के बाहर अपनी मांगों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की और कार्यालय का घेराव कर जमकर प्रदर्शन भी किया।

एसईसीएल में जमीन अधिग्रहण के बाद हर गांव के भूविस्थापित रोजगार के लिए भटक रहे हैं जमीन अधिग्रहण के समय कई नियमों को बनाकर विस्थापित होने वाले किसानों को रोजगार से वंचित कर दिया जाता और आऊट सोर्सिंग के माध्यम से भी होने वाले काम में आऊट सोर्सिंग कंपनियों द्वारा मनमानी की जा रही है जिससे भूविस्थापित भटक रहे हैं। छत्तीसगढ़ किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि एसईसीएल में जमीन अधिग्रहण के बाद हजारों भूविस्थापित रोजगार के लिए भटक रहे हैं और प्रबंधन आऊट सोर्सिंग कंपनियों के साथ सांठ गांठ कर रोजगार को बेचने का काम कर रही है जिसका विरोध हमारे द्वारा किया जा रहा है कुसमुंडा और गेवरा में होने वाले कार्यों में प्रभावितों को प्राथमिकता नहीं दिया जा रहा है जिसका विरोध की शुरवात आज ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- एसईसीएल में आउट सोर्सिंग कंपनियों में चाहते हैं काम
- 30 प्रतिशत के नाम पर भूविस्थापितों का छीना जा रहा अधिकार

# गड्ढों में भरा जा रहा राखड़, आसपास के खेत हो रहे खराब, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

पत्थर खदान के लिए खोदे गए गड्ढे को पाटने के लिए बड़े गड्ढों में राखड़ डंप किया जा रहा है जिसकी वजह से आसपास के किसानों को राखड़ की वजह से खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के सरपंच सहित ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिला प्रशासन से की है।

करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अंतर्गत पत्थर खदान संचालित है। जिसमें खदान के आसपास बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से गड्ढे को राखड़ भराव के लिए प्रस्तावित किया गया था। जिससे आसपास में लगे किसानों की धान की फसल में राखड़ बरसात में पानी के साथ बहकर खेत की ओर जा रहा है। जिससे किसानों की फसल नुकसान एवं क्षतिग्रस्त हो रही है। इस कारण से किसानों एवं ग्रामवासियों के मांग पर अवैध रूप से जो राखड़ आसपास गिराया जा रहा है उसे पूर्ण रूप से बंद कराने के लिए गांव की सरपंच अमरिका बाई सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने कलेक्टर से लिखित शिकायत की है।

**खास बात**

- करतला के ग्राम घाठाद्वारी का मामला



गड्ढों में राखड़ पाटते भारी वाहन।

### नशा मुक्त भारत खुशहाल भारत के तहत रैली का हुआ आयोजन

**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में नशा मुक्त भारत खुशहाल भारत के तहत रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। तथा उनके द्वारा नशा करने से होने वाली दुष्प्रभाव के बारे में बताया साथ ही आई क्यूं एसी प्रभारी डॉ.केके दुबे ने युवा पीढ़ी को नशा रूपी जहर से स्वयं के साथ साथ अपने समाज को भी जागरूक करने की बात कही। रैली की शुरुआत प्राचार्य द्वारा हरि झंडी दिखाकर छात्र छात्राओं द्वारा नारे लगाते हुए की गई। कार्यक्रम को पुरुष कार्यक्रम अधिकारी शिव कुमार दुबे एवं महिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अंजली द्वारा सम्पन्न गया तथा इस रैली में एनएसएस के स्वयं सेवक और अन्य छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ने इस रैली को सफल बनाया।

# परसाभाठा बस्ती में अवैध नशीले पदार्थों के व्यापार का महिलाओं ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको के परसाभाठा में इन दिनों खुलकर अवैध शराब व गांजे का कारोबार हो रहा है। बस्ती के लोग इन नशेड़ियों से परेशान हैं। आये दिन सड़क पर मारपीट और गाली गलौज की जाती है। जिसकी शिकायत के लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं सोमवार को जनदर्शन में पहुंची और कलेक्टर से शिकायत की। उसके बाद महिला समूह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जाकर ज्ञापन सौपा। शिकायतकर्ता महिलाओं ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा कई बार शिकायत पुलिस में की गई लेकिन अब तक अवैध नशे का कारोबार करने वालो पर कोई खासा असर नहीं दिखा रहा है। अब भी वो अपना काम खुलेआम कर रहे है। लगातार नशे का व्यापार बढ़ता जा रहा है जिससे सामाजिक माहौल खराब हो रहा है। महिलाएं खुद समूह बनाकर रात्रि गश्त कर निगरानी करने लगी और लोगों को नशे से दूर रहने ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- नशामुक्ति का अभियान चलाने वाली महिलाओं से अवैध कारोबारी करते हैं गाली गलौज



शिकायत करने एसपी ऑफिस पहुंची महिलाएं।

## गेवरा दीपका खदान में हो रही कोयला उत्खनन के लिए ब्लास्टिंग

# आबादी क्षेत्र से महज 300 मीटर दूरी पर हो रही हैवी ब्लास्टिंग से हिला मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एसईसीएल दीपका प्रबंधन द्वारा कोयला उत्खनन के लिए खदान में की जा रही हैवी ब्लास्टिंग से कांप रही है। खदान के उपरी फेस में कर रही है हैवी ब्लास्टिंग, ब्लास्टिंग की वजह से हरदीबाजार में बने दो से तीन मंजिला इमारत ओ भी 25-40 साल पूराना है जिसकी मजबूती कितनी होगी आप भी अंदाजा लगा सकते हैं, जो ब्लास्टिंग के झटके व कंपन से पूरा मकान, बिल्डिंग हिल रही है। ऐसा लगता है इमारतें कहीं जमींदोज न हो जाए। वहीं ब्लास्टिंग क्षेत्र से महज 200-300 मीटर की दूरी पर घना आबादी वाली हरदीबाजार के शांतिनगर, पुराना दीपका रोड़, पुराना कालेज रोड़, गांधी नगर, शिक्षक नगर व हास्पिटल मोहल्ला शामिल है। जहां हैवी ब्लास्टिंग की वजह से ज्यादा प्रभावित व संवेदनशील हैं। गुरुवार को दोपहर 2 बजे से 2.30 बजे तक कुल पांच बार कोयला व मिट्टी फेस में हैवी ब्लास्टिंग की गई, जिसकी तीव्रता से धरती भूकंप की तरह हिली और जोर का झटका के साथ बम सा फटा, झटका इतना जबरदस्त था कि घरों के खिड़की दरवाजों से भी आवाजें आई। हरदीबाजार के निवासी डर के साय में जीवन जीने को मजबूर हैं,जो दोपहर 1 बजे से 2.30 बजे तक अपने घरों से बाहर तो छतों पर खड़े रहते हैं। फिर भी एसईसीएल दीपका प्रबंधन व जिला प्रशासन को किसी प्रकार का सरोकार नहीं, जो घना आबादी क्षेत्र होने के बावजूद भी खदानों में हैवी ब्लास्टिंग की तीव्रता को कम नहीं कर रही है शयद किसी अनहोनी के इंतजार में एसईसीएल दीपका प्रबंधन व जिला प्रशासन है।



ब्लास्टिंग से उठती धूल।

# विधायक प्रेमचंद ने 71 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। जिसके अंतर्गत सीसी रोड निर्माण, बांघाखार बस्ती 10 लाख, पीडीएस भवन निर्माण 12.40 लाख, मरकी झाला परिसर में शेड निर्माण 10.00 लाख, दो आंगनबाड़ी भवन निर्माण 23.38 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य शुरू होना है। साथ ही क्षेत्र में अन्य जनहितकारी कार्य भी प्रारंभ किए जा रहे हैं। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्री पटेल ने कहा कि क्षेत्र में जहां विकास नहीं पहुंच पाया है या जहां ग्रामीणों को उपयोगिता व जरुरत के हिसाब से क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर किया जा रहा है, इस दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी कहा है कि प्रदेश के किसी भी कोने में विकास की गति नहीं रुक सकती। इस अवसर पर ग्राम सरपंच श्रीमती प्रिंसी तानू सिंह कंवर, राधेश्याम पटेल, चमरू कैंवत (उपसरपंच), सतीष तिवारी, जनपद सदस्य मनोज कंवर, दिलीप पटेल, मन्नु सांई राठौर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### रेलवेकर्मी के सूने मकान से जेवर, नकद चोरी

**बिलासपुर।** रेलवेकर्मी के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर जेवर, टीवी बर्तन, कपड़ा सहित अन्य सामान चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, बंगलायार्ड निवासी रेलवेकर्मी मुकेश रविदास पिता राजेन्द्र रविदास 23 अक्टूबर को घर के दरवाजे में ताला लगाकर छठ पूजा में बिहार चले गए थे। 1 नवंबर की रात 9 बजे वे वापस घर आए तो ताला टूटा मिला। अंदर कमरे में सामान बिखरे पड़े थे। टीवी, सोने का कान का झुमका, कांसे के बर्तन, कपड़ा जींस टीशर्ट, 10 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया गया था। सूचना पर पुलिस घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने श्री रविदास की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया है।

### युवक के सिर पर बोतल धारदार वस्तु से हमला

**बिलासपुर।** राशन लेने जा रहे युवक के साथ युवकों ने मारपीट कर बीयर की बोतल व धारदार वस्तु से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, लोखंडी रोड एफ एम परफेक्ट होम निवासी अश्वनी वर्मा पिता रामकिशोर वर्मा अपनी बहन के साथ रहते हैं। 5 दिन पूर्व समीर सूर्यवंशी अपने अन्य साथियों के साथ कालोनी में खड़ा होकर कालोनी के लड़कियों के संबंध में बोल रहा था। उन्होंने युवकों को मना किया तो समीर सूर्यवंशी ने कालर पकड़कर गाली गलौज की। 2 नवंबर को वे बाइक से राशन लेने दीनदयाल कालोनी की ओर जा रहे थे। शाम 7.30 बजे एल एवेन्यू गेट के पिछला गेट पुल के पास गुटखा खाने के लिए रूके तो चेहरे में गमछा बांधे तीन चार युवक मारपीट करने लगे। एक लड़के ने उनके सिर में बीयर की बोतल से मारा एवं दूसरे युवक ने धारदार वस्तु से मारने का प्रयास किया, रोकने पर हाथ की कलाई में चोट आई है। पुलिस ने युवक की रिपोर्ट पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5,351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### हथकड़ी खोलकर भागा एक आरोपी पकड़ा गया

**बिलासपुर।** तहसील कार्यालय से दो आरोपी हथकड़ी खोलकर भाग गए थे। तीसरे दिन पुलिस ने एक आरोपी को उसके मामा के घर में दबिश देकर पकड़ लिया है। वहीं दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। शुक्रवार को देर रात संदिग्ध रूप से घूमते तेलसरा निवासी साहिल पिता शिव सिंह नेताम 19 साल व मोहन को पकड़ा गया था। शनिवार को दोनों के खिलाफ प्रतिबंधात्क धाराओं के तहत गिरफ्तार कर आरक्षक रविन्द्र भारद्वाज, जयप्रकाश डहरिया दोनों को हथकड़ी लगाकर बिल्हा तहसील कोर्ट में पेश करने गया था। इस दौरान दोनों युवक हथकड़ी खोलकर भाग गए थे। चकरभाठा टीआई उत्तम साहू ने बताया, सोमवार को पतासाजी कर फरार आरोपी साहिल नेताम को उसके मामा के घर मस्तूरी बेलटुकरी से पकड़ लिया गया है। उसके खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

**घरोंघर पहुंचकर जानकारी देंगे 1815 बीएलओ** | **एक माह तक चलेगा फार्म भराने का काम**

# एसआईआर आज से, काम पर लगाया गया 3800 अधिकारी-कर्मचारियों का अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मंगवार 4 नवंबर से शुरू हो रहा है। इस एसआईआर के काम में निर्वाचन कार्यालय की ओर से जिले के 3800 अधिकारियों-कर्मचारियों के अमला को लगाया गया है। वहीं 1815 बूथ लेवल अफसर बीएलओ घर-घर पहुंचकर जानकारी लेंगे। इसके तहत फार्म भराने, जमा कराने का काम 4 दिसंबर एक माह तक चलेगा। सोमवार को निर्वाचन कार्यालय से सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए गणना प्रपत्र, फार्म भेजने का सिलसिला चलता रहा।

भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ राज्य में भी मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर का निर्णय लिया है। मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण अभियान 4 नवंबर से शुरू हो रहा है। बिलासपुर जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में स्थित कुल 1815 मतदान केन्द्रों को आधार मानकर विधानसभावार 1815 बूथ लेवल अफसर बीएलओ नियुक्त किए गए हैं। ये बीएलओ अपने-अपने मतदान केन्द्रों अंतर्गत घर-घर पहुंचकर जानकारी लेंगे। मतदाता सूची के इस गहन पुनरीक्षण कार्य में जिले के 3800 अधिकारियों-कर्मचारियों का अमला लगाया गया है। इसमें बूथ स्तर अधिकारी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है इसलिए प्रत्येक बीएलओ अपने-अपने मतदान क्षेत्र में घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। बीएलओ प्रत्येक परिवार से संपर्क कर गणना प्रपत्र भरवाएंगे और एकत्रित सभी फार्म और दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद उन्हें निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा। बीएलओ यह भी देखेंगे कि प्रत्येक मतदाता को मतदाता सूची में अपना नाम, पता और अन्य विवरण सही रूप से दर्ज किया है कि नहीं। इसके साथ ही वे मतदाताओं को यह जानकारी देंगे कि यदि किसी प्रकार की त्रुटि, चूक पाई जाती है तो वे दावा-आपत्ति कर सकते हैं।



### विधानसभावार बूथ व बीएलओ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ■ कोटा | 232 बूथ | 232 बीएलओ | 232 अभिहित अधिकारी | 33 सुपरवाईजर |
| ■ तखतपुर | 348 बूथ | 348 बीएलओ | 348 अभिहित अधिकारी | 35 सुपरवाईजर |
| ■ बिल्हा | 262 बूथ | 262 बीएलओ | 262 अभिहित अधिकारी | 26 सुपरवाईजर |
| ■ बिलासपुर | 271 बूथ | 271 बीएलओ | 271 अभिहित अधिकारी | 27 सुपरवाईजर |
| ■ बेलतरा | 308 बूथ | 308 बीएलओ | 308 अभिहित अधिकारी | 31 सुपरवाईजर |
| ■ मस्तूरी | 394 बूथ | 394 बीएलओ | 394 अभिहित अधिकारी | 39 सुपरवाईजर |

### आनलाइन फार्म भरने की सुविधा

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर तहत आनलाइन फार्म भरने की सुविधा भी दी गई है। लोग ईसीआई के वेबसाइट पर जाकर भी अपना फार्म भर सकते हैं या अपलोड कर सकते हैं। बीएलओ आनलाइन आवेदनकर्ताओं के दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन करेंगे। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू होने के पहले बीएलओ सहित इस कार्य में लगाए गए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को 28 अक्टूबर से 3 नवंबर के बीच प्रशिक्षण दिया गया।

**जूना बिलासपुर का मामला:** कोतवाली चौक से गांधी चौक तक आने-जाने वालों को हुई परेशानी

# जर्जर सड़क को लेकर तीन घंटे चक्का जाम



जूना बिलासपुर सड़क का निरीक्षण करते प्रशासनिक अफसर व स्थानीय नागरिक।



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते स्थानीय व्यापारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जूना बिलासपुर की जर्जर सड़क की मरम्मत करने की मांग को लेकर व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने चक्का जाम कर दिया, जो करीब तीन घंटे तक चलता रहा। इस दौरान कोतवाली चौक से लेकर गांधी चौक तक आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। नायब तहसीलदार और कोतवाली टीआई के मौके पर पहुंचने और समझाइश देने के बाद आंदोलनकारियों चक्का जाम समाप्त कर दिया।

शहर बचाओ सड़कें बनाओ की तर्ज पर प्रशासन ने काम करना शुरु कर दिया है, लेकिन शहर के कई स्थानों के अलावा मानसरोवर चौक से लेकर गांधी चौक और जगमल चौक के सड़क की हालत काफी खराब हो चुकी है। इस सड़क पर लोगों की काफी भीड़ भी होती है। सबसे अधिक खराब स्थिति जूना बिलासपुर हनुमान मंदिर के सामने से लेकर गांधी चौक के बीच है, जहां प्रतिदिन घटना दुर्घटना होना आम बात हो चुकी है। स्थानीय लोगों की मांग पर यहां मुरुम मिट्टी डालकर गड्ढों को भर दिया जाता है, जिसकी हालत बारिश में काफी खराब हो जाती है। इस सड़क के कारण व्यापारी वर्ग भी परेशान हो चुके हैं। कई बार मांग करने के बाद भी प्रशासन सड़क को सुधारने की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इसे लेकर सोमवार की सुबह 11 बजे जूना बिलासपुर व्यापारी संघ और स्थानीय निवासियों ने नागोराव शेष स्कूल चौक पर चक्का जाम कर दिया। चक्का जाम करने के कारण गांधी चौक से लेकर गोलबाजार की ओर का रास्ता पूरी तरह से ब्लाक होने से लोगों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ी।

जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि ज्वाली पुल से लेकर गांधी चौक तक की सड़क शहर के पुराने एवं व्यस्त मार्गों में से एक है, जिसकी हालत जर्जर होने के कारण प्रतिदिन वाहन दुर्घटना व सवारी रिक्शा पलटने की घटना हो रही है। बारिश से जल जमाव व कीचड़ की समस्या हो जाती है। विभिन्न माध्यमों से अपनी मांगों को रखने के बाद भी जर्जर सड़क ती समस्या जस कर तस बनी हुई है। खराब सड़क के कारण धूल की समस्या से नागरिकों एवं व्यापारियों को स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

चक्का जाम की सूचना पर नायब तहसीलदार, कोतवाली टीआई और स्टाफ मौके पर पहुंचे। नायब तहसीलदार ने व्यापारियों के साथ मौके का निरीक्षण करने के उपरांत उनकी मांगों को कलेक्टर के समक्ष रखने की बात और समस्या का निवारण किए जाने का आश्वासन दिया, जिसके उपरांत चक्का जाम समाप्त हुआ। चक्का जाम के दौरान जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के सचिव मनोज देवांगन, कोषाध्यक्ष अमरजीत गांधी, सखाराम देवांगन, मनोहर आहूजा, श्याम हरियाणी, रमेश नारवानी, मनीष गुप्ता, प्रकाश सिरवानी, गुरुबक्ष जैसवानी, बलराम हरियाणी, अखिलेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

### दिया गया है आश्वासन

पूर्व एल्डरमैन अखिलेश गुप्ता ने बताया कि जिला प्रशासन के सामने जाकर कई बार सड़क की समस्याओं से अवगत कराने के बाद अब तक किसी तरह का ध्यान नहीं दिया गया, जिसके कारण व्यापारियों का भी काम प्रभावित हो रहा है। इसी रास्ते से स्कूल के बच्चे भी आना-जाना करते हैं। नायब तहसीलदार ने मौके का निरीक्षण किया है। उन्होंने जल्द ही सड़क की दुर्दशा को संवारने का आश्वासन दिया है। इसके उपरांत भी अगर प्रशासन का ध्यान नहीं जाता और काम नहीं होता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### टेंडर की प्रक्रिया जल्द

नेहरू चौक से दर्रीघाट के बीच करीब तेरह किलोमीटर लंबी सड़क बनने वाली है, जिसका टेंडर जल्द ही लगने वाला है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1 के कार्यपालन अभियंता सीएस विंध्यराज ने बताया कि यह बात बिल्कुल सही है कि जूना बिलासपुर मुख्य मार्ग के व्यापारी जर्जर सड़क और इस पर आवागमन के कारण उड़ने वाली धूल से परेशान हैं, लेकिन इसका समाधान अतिशीघ्र होने वाला है। सड़क निर्माण के लिए जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

### रिपेयर की आवश्यकता

मौके का निरीक्षण किया गया, जहां व्यापारियों के साथ स्थानीय लोगों ने सड़क की समस्या की जानकारी दी। इसकी हालत काफी खराब हो चुकी है, जिसके रिपेयर की आवश्यकता है। लोगों ने अपनी मांगों का पत्र दिया है, जिसे कलेक्टर के समक्ष रखा जाएगा। कलेक्टर से आदेश मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-प्रकृति ध्रुव,
नायब तहसीलदार

**मृतक छात्र को न्याय दिलाने**

# एवीबीपी ने सेंट्रल विवि में चलाया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यह हस्ताक्षर अभियान मृतक छात्र अर्सलान अंसारी को न्याय दिलाने के लिए चलाया गया। इस हस्ताक्षर अभियान में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्र अर्सलान अंसारी की संदिग्ध मौत को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यूनिवर्सिटी इकाई न्याय की मांग कर रही है और मृतक छात्र को न्याय दिलाने के लिए मुहिम छेड़ रखी है। इसी के तहत पिछले सप्ताह छात्र-छात्राओं ने यूनिवर्सिटी का घेराव किया था। छात्रों ने यूनिवर्सिटी भीतर तालाब में हास्टल के एक छात्र की लाश मिलने के मामले में विशेष जांच की मांग की है। इसके साथ ही यूनिवर्सिटी के विंग वार्डन, चीफ वार्डन और सुरक्षा अधिकारी को निलंबित करने की मांग भी यूनिवर्सिटी प्रबंधन के सामने रखी है। लेकिन छात्रों की मांग के बाद इनमें से किसी को भी न तो हटाया गया है और न ही निलंबित किया गया है।

मृतक छात्र को न्याय दिलाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यूनिवर्सिटी इकाई द्वारा आज यूनिवर्सिटी में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यूनिवर्सिटी कैंपस में जगह-जगह टीचिंग डिपार्टमेंट के बाहर फ्लैक्स, पोस्टर लगाए गए थे, जिस पर छात्र-छात्राओं द्वारा हस्ताक्षर किया गया है।

### सीयू कमेटी अलग से कर रही जांच

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के फिजिक्टस डिपार्टमेंट के बीएससी का छात्र अर्सलान अंसारी मूलत छपरा बिहार का रहने वाला था, जो यूनिवर्सिटी हास्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। 21 अक्टूबर की शाम वह हास्टल से बाहर जाते देखा गया, उसके बाद से वह गायब था। बाद में यूनिवर्सिटी परिसर स्थित तालाब में उसकी लाश मिली थी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के मीडिया प्रभारी प्रो. मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि यूनिवर्सिटी की ओर से गठित कमेटी द्वारा हास्टल के छात्रों से पूछताछ की जा रही है और शिक्षकों एवं वार्डन, केयर टेकर आदि के बयान लिए जा रहे हैं। यूनिवर्सिटी ने प्रारंभिक जांच के बाद हाउस कीपिंग बुंदेला कंपनी को नोटिस जारी किया है और उसके दो केयर टेकर कर्मचारी को हटा दिया है।



पोस्टरों पर हस्ताक्षर करते छात्र-छात्राएं।

### तालाब में गिरने से छात्र का लोअर शरीर से बाहर कैसे निकला, ईयर फोन का पता नहीं

जीजीयू के तालाब में छात्र की लाश मिलने के मामले में रहस्य अब भी बरकरार है। लाश मिलने के 3 दिन बाद पुलिस ने तालाब से लोअर व मोबाइल बरामद किया था। इस सवाल का जवाब अब तक नहीं मिला है कि छात्र के तालाब में गिरने पर उसका लोअर शरीर से कैसे निकलकर बाहर निकल गया। वहीं उसका ईयर फोन अब तक पुलिस बरामद नहीं कर पाई है। पुलिस अधिकारियों ने हास्टल में लगा सीसीटीवी फुटेज खंगाला है, जिसमें छात्र 5 बजे हास्टल से ईयरफोन लगाकर मोबाइल में बातचीत करते निकलता दिख रहा है और 5 बजकर 10 मिनट में तालाब की ओर जाते दिख रहा है। मोबाइल का रिकार्ड खंगालने में पाया गया शाम 4 बजे के बाद उसके मोबाइल में कोई काल नहीं आया है। इसका मतलब है छात्र वाट्सएप कालिंग में बात कर रहा था या गाना सुन रहा था। कोतवाई सीएसपी आईपीएस गगन कुमार का कहना है कि तालाब में गिरने पर छात्र के छटपटाने से लोअर बाहर निकलने की संभावना है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में चोट बताया गया है किन्तु हड्डी फ्रैक्चर नहीं है। डाक्टरों से क्योरी कराने के लिए भेजा गया है। क्योरी व एफएसएल रिपोर्ट के फाइनल रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# डेमो दिखाकर हजारों रुपए फीस वसूल लिया

## कॉम्पिटिशन कम्युनिटी इंस्टीट्यूट का संचालक शिक्षकों से ही क्लास लेने के लिए शपथ पत्र मांग रहा

**बिलासपुर।** एफएम ग्रुप के कॉम्पिटिशन कम्युनिटी इंस्टीट्यूट में क्लासेस नहीं होने से भड़के प्रतियोगियों की क्लास अब तक शुरू नहीं हो सकी है। इधर कोचिंग संचालक शिक्षकों से ही क्लास लेने के लिए शपथ पत्र मांग रहा है, जबकि उसके द्वारा दिए गए चेक पहले भी बाउंस हो चुके हैं। छात्रों का आरोप है कि उन्हें बेहतर कोचिंग का डेमो दिखाकर हजारों रुपए फीस वसूल लिया गया है लेकिन, टीचर्स को सैलरी नहीं देने के कारण 15 दिनों से क्लासेस बंद हैं इससे छात्रों का भविष्य अधर में है। एक साल के कोर्स के लिए 45 हजार रुपए लिए गए हैं, लेकिन पढ़ाई अब तक अधूरी है। 12 महीने में सिलेबस पूरा होना था, जो 14 महीने बाद भी अधूरा है।

■ **15 दिन से क्लासेस बंद**

संस्था के शिक्षक विकास सिंह और संजय साहू ने बताया कि, इंस्टीट्यूट में एक हजार छात्र ऑफलाइन और दो हजार छात्र ऑनलाइन मोड पर पढ़ाई कर रहे हैं। छात्रों से 35 से 45 हजार रुपए तक फीस ली जा रही है। शिक्षकों के अनुसार, संस्था की मासिक आय 20 लाख रुपए से अधिक है, जबकि वेतन और अन्य खर्च लगभग 17-18 लाख रुपए हैं। इसके बावजूद सैलरी रोककर डायरेक्टर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। छात्रों का कहना है कि जब उन्होंने एडमिशन लिया, तब योग्य और अनुभवी शिक्षकों से क्लासेस कराने का डेमो दिखाया गया था लेकिन, पिछले तीन महीने से अनुभवहीन शिक्षकों से क्लासेस कराई जा रही है। छात्रों ने जब पुराने टीचर्स से जानकारी ली, तब उन्हें सैलरी नहीं मिलने की बात सामने आई। शिक्षकों ने बताया कि, दबाव बढ़ने पर संचालक मुर्तजा हुसैन ने दिवाली पर चार शिक्षकों को 50-50 हजार रुपए के चेक दिए थे, लेकिन यह सभी चेक बाउंस हो गए।


कोचिंग सेंटर में छात्रों और शिक्षकों ने मचाया जमकर हंगामा, पुलिस से की गई शिकायत

1 नवंबर को हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### सैलरी मांगी तो दो को नौकरी से निकाला

शिक्षकों ने बताया कि सैलरी मांगने पर डायरेक्टर ने दो शिक्षकों को नौकरी से निकाल दिया। दोनों को आठ महीने से सैलरी नहीं मिली थी। एक शिक्षक ने अपनी दिसंबर में होने वाली शादी के लिए सैलरी मांगी थी। डायरेक्टर ने दोनों को टर्मिनेशन लेटर ई-मेल करते हुए बकाया सैलरी की रकम 30 अप्रैल 2026 तक देंने की बात कही है।

### कक्षाएं बंद करने पर डायरेक्टर ने दिया था भरोसा

शिक्षकों ने यह भी बताया कि, बार-बार सैलरी रोकने से परेशान होकर उन्होंने पितृपक्ष में ही क्लास बंद करने का फैसला लिया था। तब डायरेक्टर ने नवरात्रि में और 17 नवंबर को सैलरी देने का वादा किया। पैसे न होने पर 21 नवंबर को सभी को बुलाया, लेकिन डायरेक्टर अपना मोबाइल बंद कर बचते रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी व बेटी घायल

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार कार के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी, जिससे पति पत्नी व बेटी घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला शुभम विहार कालोनी निवासी मनमिन्दर सिंह कौर 2 नवंबर को अपने पति किशन सिंह, बेटी अवनीत कौर के साथ बाइक क्रमांक सीजी 04 पीएन, 5168 में सवार होकर व्यापार विहार जाने के लिए निकले थे। रात 9 बजे मंगला बाइपास रोड गैरेज के पास सामने से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 जेड 5941 के चालक ने रांड साइड से खतरनाक तरीके चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पति पत्नी व बेटी घायल हो गए। तीनों को नजदीक के निजी हास्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

श्रीमती कौर ने आरोप लगाया है कि कार चालक शराब के नशे में था, बोलने से जुबान व चलने से लड़खड़ा रहा था। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 व मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184, 185 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# इंदिरा सेतु के नीचे एक व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी

## जानकारी लेने लोगों की रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इंदिरा सेतु के नीचे नदी में एक व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। लाश पूरी तरह सड़ गई है और उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सोमवार की शाम लोगों ने इंदिरा सेतु के नीचे नदी में एक व्यक्ति लाश तैरते हुए देखा। सूचना पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद शव नदी से बाहर निकाला गया। लाश 10 से 15 दिन पुरानी होने से पूरी तरह सड़ गई थी। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। इस दौरान वहां से गुजरने वाले लोगों में मृतक की जानकारी लेने आपस में चर्चा करते रहे। इस दौरान वहां ट्रैफिक जाम रहा। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है।

### आठ लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** आठ लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला पामगढ़ थाना का है। ग्राम रसौटा निवासी गेंद राम धीवर के घर पर दबिश दी गई। इस दौरान आरोपी के कब्जे से 8 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया। उक्त शराब की कीमत 16 सौ रुपए बताई जा रही है।

**उपार्जन केन्द्रों मे धान खरीदी तैयारियों पर होगा असर**

# सेवा सहकारी समिति कर्मचारियों ने ठप किया कामकाज, अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने वाले सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक समेत कर्मचारी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए है। जिसके चलते उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी तैयारियों पर इसका असर देखा जा सकता है। इस मामले में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उचित पहल की मांग की है। सरकार के द्वारा तय किए गए समय सीमा के अंतर्गत 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू की जानी है, ताकि पंजीकृत किसानो का धान समर्थन मूल्य पर खरीदा जा सके। इधर अपने चार सूत्रीय मांगो को लेकर सेवा सहकारी समिति प्रबंधक समेत स्टाफ के लोग सोमवार 3 नवंबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए है। जिसके चलते इसका असर धान खरीदी तैयारियों पर पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। कर्मचारी संभाग स्तरीय धरना प्रदर्शन के तहत बिलासपुर में आंदोलन कर रहे है।

वहीं अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा गया है। उनकी मांगो पर नजर डाली जाए तो मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर छतीसगढ शासन के द्वारा भी प्रदेश के 2 हजार 58 सहकारी समिति कर्मचारियो के वेतनमान व अन्य सुविधाऐ लाभ देने प्रति वर्ष प्रत्येक समितियो को 3 एवं 3 लाख रूपऐ की प्रबंधकीय अनुदान राशि शीघ्र आदेश लागू करने, सेवा अधिनियम 2018 की आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने, समर्थन मूल्य धान खरीदी वर्ष 2023 एवं 2024 वही 2024 एवं 2025 मे धान खरीदी के बाद सूखत मान्य किया जावे, सुरक्षा ब्यय एवं प्रासंगिक ब्यय तथा कमीशन,खाद, बीज, उपभोक्ता, फसल बीमा में 4 गुणा बढोतरी ,राशन वितरण पर प्रति क्विंटल 500 ग्राम क्षति पूर्ति एवं 5 हजार रूपए देने की मांग साथ ही साथ धान खरीदी नीति वर्ष 2024 एवं 25 मे वर्णित कंडिका क्रमांक 113 आउट सोर्सिंग द्वारा कंम्प्यूटर आपरेटर के नियोजन को विलोपित कर विभाग तय करते हुए नियमितीकरण की मांग को लेकर धान खरीदी प्रभारी सहित स्टाफ के लोगों ने मामले के निराकरण को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

## खबर संक्षेप



### वन औषधालय पाली ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

**कोरबा।** विश्व के प्रथम चिकित्सक भगवान धनवंतरी जयंती पर प्रज्ञा संजवनी वन औषधालय नया बस स्टैण्ड पाली द्वारा चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों लोग लाभान्वित हुए। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, संचालक वैद्यराज रामफल पटेल, उपस्थित चिकित्सक डॉ.लक्की एवं डॉ.हरधर सहित अतिथियों ने भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना की। मुख्य अतिथि प्रेमचंद पटेल ने शिविर का शुभारंभ किया और कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजक रामफल पटेल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वैद्यराज रामफल पटेल ने पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को काफी आगे बढ़ाया और वैद्यराज रामफल की कीर्ति दूर-दूर तक फैल रही है। उन्होंने बताया कि पारंपरिक चिकित्सा पद्धति से कैंसर जैसे रोगों में भी लाभ मिलता है। वाकई में श्री पटेल के हाथों में ऐसा जस है, जिससे अब तक हजारों मरीज कठिन बीमारियों से मुक्त होकर खुशहाल जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को आगे बढ़ाने की जरूरत है। रामफल वैद्य होने के साथ-साथ गायत्री परिवार से जुड़कर क्षेत्र में नशामुक्ति का अभियान चलाकर क्षेत्र में जागरूकता फैला रहे हैं। इसके अलावा वे नवाचार के माध्यम से 500 किसानों को जोड़कर हर्बल धान का उपार्जन कर रहे हैं, ताकि रासायनिक खेती का दुष्प्रभाव कम हो सके। रामफल पटेल ने उपस्थित अतिथियों सहित सेवा देने वाले डाक्टर लक्की, डा. हलधर और उपस्थित ग्रामीणों का आभार जताया। दवाई का भी वितरण किया गया।

### मेरा युवा भारत कार्यशाला में युवाओं को मिली आत्मनिर्भरता की सीख



**कोरबा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय केन्द्र सरकार द्वारा संचालित मेरा युवा भारत कोरबा और राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, शासकीय इंजीनियर विश्वेसरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय के तत्वावधान में सोमवार को केन्द्र सरकार के विभिन्न फ्लैगशिप स्कीम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला महाविद्यालय के अम्बेडकर हॉल में प्रभारी प्राचार्य डॉ. एलएन कंवर एवं उप निदेशक डॉ.दिनेश चंद्र यादव के संरक्षण व मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। इस दौरान अपने उद्बोधन में प्रभारी प्राचार्य डॉ.कंवर ने कहा कि भारत के युवा आज परिवर्तन के वाहक हैं। सरकार की ये योजनाएँ तभी सफल होंगी जब युवा स्वयं आगे बढ़कर इनका लाभ लें और समाज के विकास में अपनी सशक्त भूमिका निभाएँ। कौशल, नवाचार और आत्मनिर्भरता ही आधुनिक भारत की पहचान है। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व एनवायव्ही चतुर खरे, महाराज आदित्य तथा नरेन्द्र चंद्रा उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को पीएम मुद्रा योजना, कौशल भारत मिशन, पीएम विश्वकर्मा योजना, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, पीएम उज्ज्वला योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल योजना जैसी योजनाओं की जानकारी दी और इनसे आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में हो रहे प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला में मेरा युवा भारत की तरफ से सभी वक्ताओं को स्मृति चिन्ह और प्रतिभागियों को डायरी, पेन और प्रमाण दिया गया। कार्यशाला का संचालन प्रो.अजय कुमार पटेल ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में एनएसएस वालंटियर्स, प्राध्यापकगण, आफिस स्टॉफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में लगाया गया हेल्थ कैम्प

**कोरबा।** कलेक्टर एवं कोरबा अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी के अध्यक्ष अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में सोमवार को विशेष हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, लैब आधारित परीक्षण किया गया और उन्हें दवाईयाँ प्रदान की गई एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। कोरबा अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी के नोडल अधिकारी व निगम के कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह ने कहा कि राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे रजत जयंती महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर व सोसायटी के अध्यक्ष अजीत वसंत के कुशल मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त व सोसायटी के सचिव आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में सोसायटी द्वारा विभिन्न स्थलों पर स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके तहत विभिन्न स्थलों पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, लैब आधारित विभिन्न परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार दवाईयाँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिविर में आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किए जा रहे हैं।





**कोरबा।** पृथक छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं, जिसे राज्य शासन द्वारा हर्षोल्लास के साथ रजत वर्ष के तौर पर मनाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर में घण्टाघर के ओपन थियेटर मैदान में राज्योत्सव-2025 का जिला स्तरीय तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आयोजन के दूसरे दिवस को छत्तीसगढ़ी जसगीत गायिका अलका चंद्राकर सहित स्थानीय लोक कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। गायिका अलका चंद्राकर मनमोहक गीतों की प्रस्तुति दे रही है। माता जगदम्बा की आराधना से अपने कार्यक्रम की शुरुआत की है। उनकी सुमधुर ध्वनि सुनकर तालियों से माहौल गूंज रहा है। इस अवसर पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग, गोपाल मोदी, डॉ.राजीव सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय राज्योत्सव का समापन आज, सांस्कृतिक कार्यक्रम व होगा कवि सम्मेलन

# निःशुल्क पुस्तकें बांटकर दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी



किताब वितरण करते जनसंपर्क के कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत महोत्सव के अवसर पर घंटाघर चौक स्थित डॉ.भीमराव अंबेडकर ओपन ऑडिटोरियम परिसर में तीन दिवसीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है, जहाँ आम नागरिकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है।

इसी क्रम में जिला जनसंपर्क विभाग, कोरबा द्वारा भी एक जानकारीपरक स्टॉल स्थापित किया गया है। स्टॉल में जिले के 25 वर्षों के विकास, उपलब्धियों और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्रदर्शित की गई है। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, युक्तियुक्तकरण एवं अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति से विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में हुए सुधार, जल जीवन मिशन के तहत घरों में नल कनेक्शन, पहाड़ी कोरवा युवाओं को रोजगार से हुए सकारात्मक बदलाव, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य जनहितकारी योजनाओं से जुड़े हितग्राहियों की सफलता कहानियाँ भी प्रस्तुत की गई हैं। इस दौरान स्टॉल में आने वाले आमजनों को मासिक पत्रिका जनमन, सुशासन तिहार 2025, सेवा समर्पण सुशासन, नवाचार की योजनाएँ, तथा विकसित भारत की ओर बढ़ते छत्तीसगढ़ जैसे ब्रोशर, पाम्पलेट और पत्रिकाओं का वितरण किया जा रहा है। युवाओं ने बताया कि जनमन पत्रिका उनके लिए अत्यंत उपयोगी है, क्योंकि इसमें शासन द्वारा संचालित योजनाओं की समग्र जानकारी मिलती है जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायक सिद्ध होती है। साथ ही, विभागीय योजनाओं पर आधारित फोटो प्रदर्शनी ने भी आम नागरिकों का ध्यान आकर्षित किया। नागरिकों ने शासन की योजनाओं से जुड़ने और उनका लाभ लेने में विशेष रुचि दिखाई।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेमीपाली की महिला समिति ने मनाया स्थापना दिवस

**कोरबा।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेमीपाली की महिला समिति द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना और वंदन के साथ की गई। इस अवसर पर सभी उपस्थित महिलाओं ने राज्य गीत अरपा पैरी के धार को सामूहिक रूप से गाया तथा छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण और आरती कर राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को नमन किया। समारोह में पारंपरिक सुआ नृत्य, पंथी नृत्य, कर्मा नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इसके साथ ही महिलाओं और बच्चों के लिए विविध मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्सव का माहौल छाया रहा और लोगों ने रजत जयंती समारोह का आनंद उल्लासपूर्वक लिया। कार्यक्रम में श्रीमती शशि पाटले, जमुना साहू, सुषमा साहू, गायत्री खूंटे, अश्वनी चौहान, रेखा कुर्रे, लता साहू, प्रीति चौहान, फूल फुल्लर, रेशमा फुलर, पद्मिनी साहू, सीमा साहू, श्वेता डहरिया, जीना कारूश, मुस्कान सिंह, कुमारी चंद्रा, अंजू राठौर और बृहस्पति मानिकपुरी सहित अनेक सदस्यों ने अपनी सक्रिय भागीदारी और विशेष योगदान दिया। समारोह की मुख्य आयोजक श्रीमती शशि पाटले, श्रीमती जमुना साहू और श्रीमती सुषमा साहू आदि उपस्थित रहीं।



### राज्योत्सव में पहली बार जिला पुरातत्व संग्रहालय की भागीदारी



राज्योत्सव में इस बार जिला पुरातत्व संग्रहालय ने पहली बार भागीदारी दर्ज की है। संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की ओर से यह पहल निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर की प्रेरणा पर की गई। संग्रहालय में पहले से ही प्राचीन मूर्तियां और पुरातात्विक धरोहरें प्रदर्शित हैं, लेकिन इस वर्ष एक नया प्रयोग करते हुए चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसे शहरवासियों ने खूब सराहा। इसमें लगभग 400 चित्रों का प्रदर्शन किया गया, जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। प्रदर्शनी को मिले उत्साहजनक प्रतिसाद से प्रभावित होकर सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने कलाकारों से राज्योत्सव स्थल पर भी इसी तरह की प्रदर्शनी लगाने का आग्रह किया, जिसे जिले के प्रसिद्ध कलाकारों ने निःशुल्क आयोजित करने का निर्णय लिया। राज्योत्सव में आयोजित तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी ने पहले ही दिन हजारों दर्शकों को आकर्षित किया। लोगों ने कलाकारों की प्रतिभा और उनकी कलाकृतियों की सराहना की। इस प्रदर्शनी में कलाकार कमल मजूमदार, हरि सिंह क्षत्री, विवेक अग्रवाल, सुभाष दास, आकांक्षा भिड़े, अंजलि प्रधान समेत कई नवोदित कलाकारों की कृतियां प्रदर्शित की गई हैं। राज्योत्सव के इस अवसर पर कला और संस्कृति का यह अनूठा संगम कोरबा की रचनात्मकता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक बन गया है।

### बालको ने राज्योत्सव में पेश की औद्योगिक और सामुदायिक विकास की झलक

छत्तीसगढ़ की रजत जयंती के अवसर पर आयोजित राज्योत्सव में भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड के पैवेलियन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कंपनी ने अपने स्टॉल के माध्यम से राज्य के औद्योगिक, तकनीकी और सामाजिक विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।



## पूज्य सिंधी पंचायत ने मनाया गुरु नानक देव का 556वां प्रकाश पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गुरु नानकदेव का 556वां प्रकाश पर्व इस वर्ष भी में अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में दो दिवसीय आयोजन 4 और 5 नवंबर को किया जा रहा है, जिसमें धार्मिक और सा मा जि क कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। पहले दिन 4 नवंबर को प्रातः 5 बजे बाज़ाराम दरबार, से प्रभात फेरी का शुभारंभ होगा। प्रभात फेरी का प्रारंभ आरती और अरदास के साथ किया जाएगा। यह फेरी इतवारी बाजार, पुराना बस स्टैंड, अनंत इमजिन, मेन रोड, उषा कॉम्प्लेक्स रेलवे क्रॉसिंग, मिशन रोड, पटेलपारा, रामसागर पारा, ओवरब्रिज से होकर संत कंवर राम उद्यान मेन रोड और रानी रोड से होते हुए पुनः बाज़ाराम दरबार पहुंचेगी। मुख्य जन्मोत्सव कार्यक्रम 5 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इस दिन प्रातः 11 बजे स्वामी भाई बाज़ाराम दरबार में श्री भोग साहब का आयोजन होगा। दोपहर 1 बजे से सिंधु भवन में आम भंडारा प्रारंभ होगा, जिसमें समाज और श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। रात्रि 11 बजे से स्वामी भाई बाज़ाराम दरबार में भजन-कीर्तन का कार्यक्रम होगा। रात्रि 1 बजकर 20 मिनट पर गुरु नानक देव का जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया जाएगा।

## श्री सप्तदेव मंदिर में श्री श्याम बाबा का मनाया गया जन्मोत्सव



जन्मोत्सव में शामिल महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विदित हो कि कार्तिक शुक्ल पक्ष बारस के शुभ अवसर पर राजस्थान के श्री खाटू धाम में प्रतिवर्ष श्री खाटू श्याम जी का एक विशाल मेला लगता है जिसमें देश विदेश से लगभग 20 लाख से भी अधिक लोग भगवान के दर्शनों हेतु आते है एवं इस वर्ष इनकी संख्या 25-30 लाख से भी अधिक होने की संभावना है। इस अवसर पर श्री सप्तदेव मंदिर में इस दिन श्री श्याम जी का अलौकिक श्रृंगार किया गया एवं श्री श्याम परिसर में संगीतमय श्री श्याम अखण्ड ज्योत पाठ किया गया। इसके लिए रायगढ़ से संजय अग्रवाल एंड पार्टी को आमंत्रित किया गया था जिनके द्वारा मनमोहक भजन की प्रस्तुति की गई। जिनके मधुर भजनों पर भक्तवृंद थिरकने लगे। तत्पश्चात रात्रि 7 बजे भगवान को 56 भोग लगाकर महाआरती की गई। रात्रि 8 बजे से भण्डारा किया गया, जिसमें सैंकडों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री सप्तदेव मंदिर परिवार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम में उपस्थित समस्त श्याम भक्तवृंद्वों का आभार व्यक्त किया।

### पृष्ठ 1 का शेष

#### 32 पद के विरुद्ध

उसमें महज 20 अभ्यर्थी ही साक्षात्कार के लिए पहुंचे। जिनका साक्षात्कार लेने के बाद उनको ज्वाईनिंग लेटर दिया गया। इधर मिडिल स्कूल में भी स्थिति संतोषजनक नहीं दिखी। कुल प्रायमरी से लेकर मिडिल, हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए शिक्षकों के साथ लिपिक के लिए कुल 120 पद के लिए आवेदन मंगाए गए थे। साक्षात्कार के दौरान 84 लोगों को ज्वाईनिंग लेटर दी गई है और महज 60 लोगों ने ज्वाईनिंग दी है। 24 लोगों ने ज्वाईनिंग नहीं दी।

#### भूविस्थापितों ने...

कुसमुंडा में किया गया है और आगे भी विस्थापित परिवार को रोजगार देने की मांग को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के रेशम यादव और दामोदर श्याम ने कहा की जिनकी जमीन गई है उन्हें ना तो स्थाई रोजगार मिल रहा है ना ही उनके परिवार को आऊट सोर्सिंग में काम सभी के हक को बेचा जा रहा है इसके विरोध में जीएम कुसमुंडा का घेराव किया गया और समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो और उग्र प्रदर्शन होगा। घेराव प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जवाहर सिंह कंवर, दामोदर श्याम, रेशम यादव, सुमेंद्र सिंह कंवर, सुनीला, दीनानाथ, विष्णु, विजय, नंदू, गणेश, चंद्रशेखर, नरेंद्र, संजय, अमरजीत, कृष्णा, जितेंद्र, नौशाद, मनीष, हरिहर, राकेश सहित बड़ी संख्या में भूविस्थापित उपस्थित थे।

#### परसाभाठा...

की सलाह देने लगी। महिलाओं के सामने आने से नशे का समान बेचने वालो में आक्रोश उत्पन्न होने लगा और अवैध कार्य करने वाली महिलाएं महिला समूह से गाली गलौच करते हैं। महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की मांग की है।

## स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**कोरबा।** रजत जयंती महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न स्थलों में स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम कराया जा रहा है। इस उपलक्ष में अर्बन पब्लिक सर्विस सोसाइटी के द्वारा 3 तारीख को मोबाइल मेडिकल यूनिट का विशेष कैंप छुरी कला में किया गया। जिसमें छोटे बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया, नगर पंचायत अध्यक्षा श्रीमती पदमनी प्रीतम देवांगन, सीएमओ दीपांकर यादव स्वास्थ्य परीक्षण कराया। उपस्थित सभी मरीजों का जांच, लैब परीक्षण कर दवाइयां वितरण की गई।



# नमामि हसदेव सेवा समिति की हसदेव महाआरती कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा कार्तिक मास के शुभ अवसर पर लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन देवउठनी एकादशी 1 नवम्बर से देव दीपावली 5 नवंबर तक एवं संत श्री रामबालक दास महात्यागी जी, पाटेश्वर धाम, बालोद के सान्निध्य में हसदेव महाआरती का आयोजन देव दीपावली 5 नवम्बर को शाम 5 बजे होगा।

आयोजन की श्रृंखला में पहले दिन 1 नवम्बर को कलश यात्रा निकाली गई। सुबह 9 बजे से शुरू हुई भव्य कलश यात्रा में नगर की सैकड़ों मातृशक्तियों ने सिर पर कलश रखकर भाग लिया। यात्रा श्री शिवमंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मां सर्वमंगला घाट पहुंची, जहां वेद मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापना एवं ज्योत प्रज्वलन की गई और पूजन-हवन प्रारंभ हुआ। 2 नवम्बर को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक यजमानों ने वैदिक रीति से वेदी पूजन एवं हवन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाट पहुंचकर हवन कुण्ड में आहूति देते रहे और वेदी की परिक्रमा कर पुण्यलाभ अर्जित किया। 3 नवम्बर को सुबह 9 बजे वैदिक शुभ यज्ञ और हवन, दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक कार्तिक महात्म्य कथा श्रवण एवं भजन-कीर्तन तथा सायं दीपदान का आयोजन होगा। 4 नवम्बर, को प्रातः 9 बजे वेदी पूजन एवं हवन कार्यक्रम रखा गया है। बुधवार को प्रातः 9 बजे से हवन पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा, दीपदान, हसदेव माता को चुनरी चढ़ाया जाएगा एवं महाआरती का दिव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दौरान शाम 5 बजे घाट को दीपों से सजाया जाएगा और श्रद्धालु दीपदान कर माँ हसदेव से सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। हस्ताक्षर अभियान व संकल्प सभा के माध्यम से जीवनदायिनी हसदेव नदी को प्रदूषण मुक्त करने उसका संरक्षण व तट के सौंदर्याकरण के लिए दर्री बांध से कुदुरमाल पुल तक रिवर फ्रंट का निर्माण कराये जाने की मांग की जा रही है, ताकि आने वाली पीढियों के लिए एक स्थायी, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक धरोहर भी स्थापित हो सके।



पत्रकारवार्ता में उपस्थित समिति के सदस्य।

## कोरबा मार्केट



## खबर संक्षेप



### प्रधान पाठक के सेवानिवृत होने पर सम्मान समारोह का आयोजन

**हरदीबाजार।** पाली विकास खण्ड अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला रेकी में प्रधान पाठक पद पर रहे एसएल सांडे का सेवानिवृत होने पर मंगलम भवन हरदीबाजार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी श्यामानंद साहू उपस्थित रहे। साथ में शिक्षक उपस्थित होकर एसएल सांडे का स्वागत किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी श्यामानंद साहू ने कहा कि एसएल सांडे 1 सितंबर 1981 में शिक्षक के पद पर ज्वानिंग कर 31 अक्टूबर तक शिक्षा के क्षेत्र में लगातार 44 वर्ष तक सेवाएं प्रदान की। श्री सांडे अपने कार्यकाल में संकुल प्रभारी रहे और संकुल प्रभारी होते हुए बच्चों को बराबर शिक्षा का पाठ पढ़ाते रहे। कार्यक्रम में परिवार जनों के साथ-साथ आसपास के इष्ट मित्र भी शामिल हुए, जिसमें स्वास्थ्य विभाग शिक्षा विभाग पुलिस विभाग सहित ग्राम के लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस लाइन में निकला अजगर, किया गया रेस्क्यू



**कोरबा।** जिले के पुलिस लाईन में जब बच्चे खेल रहे थे तभी कुछ लोगों की नजर एक किनारे रखें लकड़ी के ढेर पर पड़ी तो देखा उसके अंदर छुप कर एक 7 फीट का अजगर बैठा था। जिसके बाद इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम अध्यक्ष जितेंद्र सारथी को दी गई। फिर रेस्क्यु ऑपरेशन चालू किया गया फिर बड़ी सावधानी से अजगर को सुरक्षित रेस्क्यु कर थैले में डाला गया और अजगर को उसके प्राकृतिक रहवास जंगल में पुनः छोड़ा गया।

### उपभोक्ता आयोग के क्षमता निर्माण कार्यशाला में शामिल हुईं ममता



**कोरबा।** केन्द्रीय उपभोक्ता मामले विभाग की पहल पर महाराष्ट्र विधी विश्वविद्यालय, नागपुर में तीन दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर के राज्य उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्यों को आमंत्रित किया गया था। राज्य उपभोक्ता आयोग, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ से आठ जिलों के अध्यक्ष एवं सदस्यों को नामित किया गया, जिनमें कोरबा जिले से जिला उपभोक्ता आयोग की सदस्य ममता दास शामिल रहीं। इनके अलावा जांजगीर-चांपा से अध्यक्ष प्रशांत कुंडू, रायपुर से अध्यक्ष डॉ. केशवर शर्मा, जगदलपुर से अध्यक्ष गोपाल पाणिग्रही एवं सदस्य सुजाता जायसवाल, दुर्ग से सदस्य नीलू ठाकुर, रायगढ़ से सदस्य राजश्री अग्रवाल को भी चयनित किया गया।जुआ जागरूकता कार्यक्रम 31 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक आयोजित हुआ, जिसमें ई-कॉमर्स, डिजिटल साक्ष्य, न्यायिक नैतिकता, डिजिटल अरेस्टिंग, मध्यस्थता एवं न्यायपूर्ण निर्णय जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दिया गया।

### पिछले वर्ष से पुरानी समितियों में दी गई थी सुविधा

# माइक्रो एटीएम की सुविधा नई सहकारी समितियों में भी शुरू करने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

माइक्रो एटीएम की सुविधा सहकारी समितियों में पिछले वर्ष ही लागू की गई है। इस सुविधा से किसान को तत्कालीक रुप से दस हजार रुपए की राशि प्रदान कर दी जाती है। ये सुविधा अब तक पुरानी समितियों में ही लागू है। नई समितियों में भी माइक्रो एटीएम की सुविधा दिए जाने की कवायद चल रही है।

जिले में 60 सहकारी समिति एवं पांच उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जाएगी। जिसकी तैयारियां चल रही है। किसानों को धान बेचने के बाद छोटी राशि के लिए भटकना न पड़े। इस समस्या को देखते हुए बीते वर्ष से माइक्रो एटीएम की सुविधा सभी समितियों को दी गई है। इस माइक्रो एटीएम की सुविधा से किसानों को 10 हजार रुपए की छोटी राशि तत्काल प्रदान की जाती है। किसानों के लिए यह सबसे बड़ी राहत थी किंतु नई समितियों के सामने यह एक बड़ी समस्या थी। बीते वर्ष जो 19 उपार्जन केंद्र थे उनको ही समिति का दर्जा देने के साथ उनका पंजीयन संख्या भी आबंटित कर दिया गया है। अब यह सभी 19 सहकारी समितियां स्वतंत्र होकर कार्य करेंगी। पुरानी समितियों की तरह माइक्रो एटीएम की सुविधा के साथ च्वाईस सेंटर, बचत बैंक तथा अन्य प्रशासकीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

#### खास बात

- किसान धान बेचने के समय तत्कालीक रूप से दस हजार रुपए की राशि निकाल सकते हैं



फाइल फोटो

#### क्यों पड़ी माइक्रो एटीएम सुविधा की जरूरत

वनांचल क्षेत्र होने के कारण जिले में कई ऐसे धान उपार्जन केंद्र और सहकारी समितियां है जो दूरस्थ क्षेत्र में संचालित हैं और ऐसे क्षेत्रों में बैंकों की सुविधा नहीं है। ऐसे क्षेत्रों के किसानों को छोटी रकम के लिए भी ब्लॉक मुख्यालय स्थित बैंक आना पड़ता था या फिर गांव के ही किसी बड़े दुकानदार से उधार में पैसा लेने की मजबूरी हो जाती थी। छोटे किसानों के लिए पांच से 10 हजार रुपए की राशि भी बड़ी राशि हुआ करती है। ऐसे दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के समितियों में धान बेचने वाले किसानों को पांच से 10 हजार या 15 हजार रुपए तक की राशि तत्काल रुप से उपलब्ध कराने हेतु माइक्रो एटीएम की सुविधा दी गई थी। जिसका लाभ किसानों ने उठाया है।

#### बैंक की नहीं खुल रही नई शाखा

किसानों को सुविधाएं देने के नाम पर शासन प्रशासन माइक्रो एटीएम जैसी छोटी सुविधाएं देकर उनको राहत देने का दावा कर रहा है किंतु लंबे समय से जिले में सहकारी बैंक की नई शाखा खोलने के लिए किए जा रहे प्रयास को सफलता नहीं मिल रही है। करतला विकासखंड में 5 साल पूर्व तत्कालीन सरकार के द्वारा सहकारी बैंक की नई शाखा खोलने की घोषणा की गई थी जो आज तक पूरी नहीं हो सकी। वहीं दूसरी ओर किसानों की सुविधा के लिए एटीएम भी सहकारी बैंक के ब्लॉक मुख्यालय में नहीं लगे हैं। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में ही सहकारी बैंक के एटीएम की सुविधा मिल रही है। शेष विकासखंड मुख्यालय में सहकारी बैंक के एटीएम नहीं है, जिससे किसानों को स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम से पैसा निकालने की सुविधा मिली है।

## बड़मार के प्लांटेशन एरिया में घुसा हाथियों का झुण्ड, गेट तोड़कर पौधों को किया चौपट


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा एवं कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। कटघोरा वनमंडल में 42 हाथी पसान एवं केंदई रेंज में विचरण कर फसलों को चौपट कर रहे हैं। वहीं कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में भी 38 हाथियों का झुण्ड उत्पात मचा रहे हैं। करतला रेंज के बड़मार में 38 हाथियों के झुण्ड में से 34 हाथी अलग होकर पीडिया पहुंच गए। हाथियों ने यहां पहुंचते ही खेतों में प्रवेश कर वहां लगे धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है जबकि बड़मार में शेष बचे 4 हाथी वन विभाग द्वारा किए गए प्लांटेशन क्षेत्र में पहुंच गए और वहां लगे गेट को तोडऩे के साथ पौधों को भी तहस-नहस कर दिया जिससे वन विभाग को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। उधर कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में विगत एक सप्ताह से उत्पात मचाकर किसानों एवं क्षेत्रवासियों के नाकों में दम कर देने वाले 42 हाथियों का झुण्ड बीती रात केंदई रेंज के लमना पहुंच गया और रास्ते में आमाटिकरा, हरमोर, कलमीटिकरा तथा लमना गांव में 15 ग्रामीणों की धान की फसल को रौंदने के बाद बेलबंधा पहाड़ पहुंच गया है। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में पहुंचने पर वन विभाग का अमला सतर्क हो गया है और क्षेत्र में मुनादी कराने के साथ हाथियों की निगरानी में जुट गया है।

## सर्वमंगला मंदिर से जटराज तक सड़क पर उड़ रही धूल


जर्जर सड़क से उठता धूल का गुबार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला मंदिर से जटराज बसाहट स्थल तक सड़क पर उड़ती धूल से चालकों की परेशानी बढ़ गई है। वहीं यहां पर रेलवे ब्रिज के नीचे 50 मीटर सड़क अधिक खराब है। इसकी भी मरम्मत कराने पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

शहर से जांजगीर-चांपा, बिलासपुर की ओर जाने भी सड़क का शहवासी उपयोग करते हैं। एसईसीएल की कुसमुंडा व अन्य खदानों से कोल परिवहन में लगे भारी वाहनों की आवाजाही इसी मार्ग से होती है। इस कारण सड़क की सफाई नहीं कराने से अब सर्वमंगला मंदिर से जटराज बसाहट स्थल तक धूल की मोटी परत जम गई है। सर्वमंगला चौक से तरदा टू-लेन सड़क का निर्माण कराया गया है, इस मार्ग पर भारी वाहनों के गुजरने से सर्वमंगला मंदिर से आगे जटराज के प्रस्तावित बसाहट स्थल तक धूल की परत जम गई है। मार्ग पर भारी वाहनों के चलने से पीछे चल रहे बाइक चालकों को धूल उड़ने से परेशानी हो रही है। इससे चालकों की परेशानी बढ़ गई है। श्रम सेवा भू-विस्थापित कामगार संगठन ने सड़क पर जमी धूल डस्ट की सफाई नहीं कराने पर चक्काजाम आंदोलन की चेतावनी दी है। 10 दिनों का अल्टीमेटम दिया गया है। संगठन की ओर से रेलवे ब्रिज के निर्माण से क्षतिग्रस्त हुई प्राचीन रानी गुफा व हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार कराने व सर्वमंगला मंदिर के पास रेलवे ब्रिज के नीचे 50 मीटर सड़क के डामरीकरण की भी मांग करी है।

## गढ़कटरा स्कूल में लगा सबसे सस्ता मेला एक रुपये में बच्चों ने जमकर उठाया आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


मेला में उपस्थित बच्चे।

सतरेंगा गांव के गढ़कटरा प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक श्रीकांत भारिया और अजय कोशले ने सबसे सस्ता मेला नामक अनोखा आयोजन किया। इसमें सभी खाद्य पदार्थ, खेल सामग्री और मनोरंजन की चीजें केवल एक रुपये में उपलब्ध कराई गईं। उद्देश्य था बच्चों में सहयोग, सृजनशीलता और व्यवहारिक शिक्षा का समावेश किया है।

इस मेले ने पूरे गाँव को एक सूत्र में बाँध दिया। बच्चों ने क्रेता बनकर जिम्मेदारी सीखी और ग्रामवासी विक्रेता बनकर उनके उत्साह में शामिल हुए। मेले के साथ हुआ रावण दहन कार्यक्रम पूरे वातावरण को उत्सवमय बना गया। इस मेले की विशेषता यह थी कि हर वस्तु चाहे वह खाद्य सामग्री हो, खेल-कूद का सामान या मनोरंजन की चीजें सिर्फ 1 रुपये में उपलब्ध थीं। इसका उद्देश्य पैसे से अधिक भागीदारी को महत्व देना था। बच्चे खुद क्रेता बने हिसाब-किताब सीखा, सामान बेचने वालों से संवाद किया और एक-एक सिक्के के बदले मुस्कानें बाँटते रहे। यही है शिक्षा का असली रूप जो किताबों से आगे, जीवन की पाठशाला तक पहुँचती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे समाजसेवी मनीष अग्रवाल ने शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा श्रीकांत भारिया और अजय कोशले जैसे शिक्षक हमारे समाज की नींव हैं, जो बच्चों में सिर्फ ज्ञान नहीं, जीवन मूल्य भी बोते हैं। इस अवसर पर एम.बी. पावर अनूपपुर के प्रेसिडेंट अजय अग्रवाल तथा श्रीमति द्रौपदी केदारनाथ अग्रवाल फाउंडेशन की डायरेक्टर संगीता अक्षय गर्ग ने मिठाई और उपयोगी वस्तुएँ वितरित कीं। गाँव के सरपंच बहोरन मंझवार प्राचार्य अंजू साहू और शिक्षिका किरण कंवर सहित कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा दी।

## बीएमएस के अजय एवं इंटक के रामकुमार एटक में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका


बैठक में शामिल श्रमिक संगठन के सदस्य।

एटक संगठन को दीपका क्षेत्र में बड़ा बल मिला है। सोमवार को गेवरा वर्कर क्लब में आयोजित सदस्यता विस्तार बैठक में लगभग 120 से 130 सदस्य शामिल हुए। बैठक के दौरान बीएमएस के अजय राठौर अपने 70 साथियों के साथ एटक में शामिल हुए। वहीं इंटक से रामकुमार यादव और गुलशन जायसवाल भी लगभग 60 सदस्यों के साथ एटक में प्रवेश किए। श्रमिक नेता अजय राठौर बीएमएस क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य रहे हैं, जबकि इंटक के रामकुमार यादव प्रोजेक्ट जेसीसी और गुलशन जायसवाल हाउसिंग बोर्ड मेंबर थे। इनके शामिल होने से एटक की सदस्य संख्या में इजाफा हुआ है। कार्यक्रम में एटक के केंद्रीय पदाधिकारी कन्हैया सिंह (केंद्रीय अध्यक्ष), अजय विश्वकर्मा (केंद्रीय महामंत्री), धर्मा राव (केंद्रीय सेफ्टी बोर्ड मेंबर), दीपका एरिया जीसीसी एवं महामंत्री विनोद यादव, अध्यक्ष जीत सिंह, क्षेत्रीय सचिव दीपक उपाध्याय और गेवरा से वरिष्ठ नेता गोपाल यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे। श्रमिक नेता अजय राठौर ने कहा कि आने वाले समय में एटक की सदस्यता बढ़ाई जाएगी। लक्ष्य है कि दीपका क्षेत्र में संगठन को नंबर-1 की पोजिशन में लाया जाए। मजदूरों के जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर हम प्रबंधन से मुखर होकर हमेशा अग्रसर रहेंगे। इसी भरोसे के साथ हमारे साथ मजदूर साथी बड़ी संख्या में प्रवेश किए हैं।

## 9 पहाड़ी कोरवा परिवारों का सपना हुआ साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पंचायत चुईया में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 9 पहाड़ी कोरवा परिवारों को उनके नवनिर्मित जनमन आवास में गृहप्रवेश कराया गया। गृहप्रवेश कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को श्रीफल, गमछा, उपहार भेंट किए गए और मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। यह आयोजन सामाजिक समरसता और शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं की सफलता का प्रतीक बना।जनप्रतिनिधि व अधिकारी रहे मौजूद कार्यक्रम में जनपद पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी खगेश निर्मलकर, ग्राम पंचायत चुईया की सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, सक्रिय महिलाएं, आवास मित्र, तथा बड़ी संख्या में पहाड़ी कोरवा समुदाय एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने समाज के अंतिम पायदान तक बैठे लोगों को सम्मानजनक जीवन का अधिकार प्रदान किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## कड़ी मेहनत, खेल भावना व अनुशासन से मिलती है सफलताः प्रेमचंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार


प्रतियोगिता का उद्घाटन करते विधायक श्री पटेल।

शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार के प्राचार्य डॉ.एमएम वैष्णव के संरक्षण व कुशल निर्देशन में जिले में परिक्षेत्र स्तरीय वॉलीबॉल पुरुष प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रेमचंद पटेल विधायक कटघोरा विधानसभा, विशिष्ट अतिथि के रूप में मुकेश जायसवाल पूर्व सभापति जनपद पाली एवं मन्नू सांई राठौर, विधायक प्रतिनिधि ने खेल मैदान में उपस्थित सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल स्वयं खिलाड़ियों के साथ खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर वालीबाल को अपने हाथों से उछाल कर खेल का शुभारंभ किया। प्रथम मैच पीजी कॉलेज कोरबा और भैंसमा के बीच हुआ, जिसमें पीजी कॉलेज कोरबा जीत दर्ज कर सेमी फाइनल में अपना स्थान बनाया, दूसरे राउंड में हरदीबाजार की टीम के साथ कटघोरा के टीम के बीच कड़ी मुकाबला में हरदीबाजार की टीम अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।तीसरे राउंड में पी जी कॉलेज कोरबा और कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा की टीम के बीच हुआ जिसमें कोरबा की टीम जीत दर्ज कर फाइनल मैच के लिए चयन हुआ। इस प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज कोरबा के क्रीड़ाधिकारी डॉ.बोगी शंकर राव, कटघोरा महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती राजकुमारी मरकाम, भैंसमा कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी रविन्द्र कुमार ध्रुव, कमला नेहरू महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी मोहन, वरिष्ठ खिलाड़ी महसूद, महाविद्यालय के क्रीड़ा समिति अशोक मिश्रा, डॉ.महेश वर्मा, डॉ.एस कृष्णमूर्ति एवं महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहे। मंच का संचालन सत्य शर्मा ने किया तथा महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ.केके दुबे ने अपने खेल के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए मुख्य अतिथियों का खिलाड़ियों से परिचय कराए। परिक्षेत्र स्तरीय वॉलीबॉल पुरुष प्रतियोगिता के प्रारंभ होने के पहले विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा सभी खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत और खेल भावना से खेलने की बात कहीं।




